dainikbhaskar.com

# हिमाचल

दैनिक भास्कर, शिमला, बुधवार 30 मई, 2018

**एलान** | केंद्र सरकार का चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर शिमला आए केंद्रीय स्वास्थ्य ने की घोषणा

# अगले महीने से शुरू होगा एम्स का काम, हमीरपुर कॉलेज का एलओआई अगली कैबिनेट में: नड्डा

## इसी सत्र से बैठेगा हमीरपुर में नया बैच, 5 लाख की आयुष्मान बीमा योजना पर सभी राज्यों से 15 जून तक करार

भास्कर न्यूज | शिमला

केंद्र सरकार का चार साल का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर शिमला आए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि बिलासपुर के कोठीपुरा में एम्स को बनाने की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। जून महीने से इसकी बाउंड्री वाल का काम शुरू होगा। अक्टूबर में एम्स का पूरा आर्किटेक्चर प्लान तैयार कर लिया जाएगा। दिसंबर से निर्माण कार्य शुरू होगा और 48 महीने के भीतर एम्स बनकर तैयार होगा। इसे जनता को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में मेडिकल कालेज इसी सत्र सेशुरू होगा। इस कॉलेज को चलाने के लिए केंद्र सरकार से एलओआई (लेटर ऑफ इंडेंट) अगली कैबिनेट की बैठक में जारी होगी। सरकार की ओर से इसे चलाने का एनओसी मिल चुका है। इस साल हिमाचल में छह कालेजों में एमबीबीएस का बैच शुरू होगा। इससे आने वाले समय में डाक्टरों की कमी को पूरा करने में सफलता मिलेगी। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री थावर चंद गहलोत, राज्य के शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

**दावा** | **48 महीने में बनकर तैयार होने पर जनता को सौंप दिया जाएगा**

### आयुष्मान बीमा योजना के तहत देश के किसी भी हिस्से में हो सकेगा इलाज, 15 तक होगा सभी राज्यों से करार



पत्रकारों को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा।

आयुष्मान बीमा योजना के तहत 15 जून तक सभी राज्यों के साथ करार हो जाएगा। पंजाब के साथ जो भी दिक्कतें थी, उन पर बातचीत हो गई है। इस योजना के तहत देश की आधी आबादी का 5 लाख तक का बीमा होगा। इसके लिए सरकार की ओर से निजी अस्पतालों को इम्पैनल किया जाएगा। इन संस्थानों में मरीजों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं और दवाएं मिलेंगी।

**निजी अस्पतालों में इलाज की दरें तय करेगी केंद्र सरकार** | केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश में बीमा योजना के तहत मरीज किसी भी एंपैनल अस्पताल में इलाज करवा सकेंगे। यहां पर दवाएं और टेस्ट कैसे वसूले जाएंगे। इसकी दरें केंद्र सरकार तय करेगी। केंद्र सरकार की ओर से योजना के तहत पंजीकृत मरीजों के इलाज की पेमेंट की जाएगी।

**मुफ्त दवा न देने पर डिमांड कर सकते हैं मरीज या तिमारदार** | सरकारी अस्पतालों में दवाएं मुफ्त शुरू की है। मरीज या तीमारदार इसकी डिमांड कर सकते हैं। केंद्र सरकार इसके लिए राज्य सरकारों को सब्सिडी दे रही है। राज्य सरकार की ओर से भी अपना हिस्सा दिया जा रहा है। इसके बावजूद लोगों को कुछ हासिल करने के लिए खुद कुछ कदम उठाने होंगे। केंद्र सरकार ने बड़े से लेकर छोटे अस्पतालों में 1 हजार से ज्यादा दवाएं निशुल्क शुरू की है।

**रोजाना 27 किमी बन रही है सड़क**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रोजाना देश में 27 किमी सड़क बन रही है। देश में पहले के मुकाबले कई गुना सड़क रोजाना बन रही है। देश में रेल विस्तार से लेकर हर मसले पर तेजी से काम हो रहा है। इस चार साल के दौरान मोदी सरकार ने सुधार किया है, आने वाले समय में देश की तस्वीर बदली हुई दिखेगी।

**पेयजल किल्लत के लिए तकनीक सुधार पर काम कर रही सरकार**

राजधानी में पेयजल किल्लत की समस्या है। राज्य सरकार पेयजल वितरण से लेकर सरकार काम कर रही है। इसमें जो भी दिक्कतें हैं, इसे पूरी तरह से दूर करते हुए समय लगेगा, लेकिन राज्य सरकार, जिला प्रशासन और एमसी शिमला में इस मसले पर काम किया जा रहा है।

दैनिक भास्कर - 30-5-18

The TRIBUNE
30/5/18

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
शिमला/Shimla

समाचार पत्र का नाम/ N
आवधिक Periodicity:
प्रकाशन स्थान का नाम/ P

handigarh/Jalandhar

# Efforts on to bring fertility rate down, says Nadda

TRIBUNE NEWS SERVICE

SHIMLA, MAY 29

Dispelling speculation that the NDA regime had lost focus on family planning, Union Health Minister JP Nadda on Tuesday said the issue can't be a political slogan but efforts are on under Parivaar Vikas Mission to bring the fertility rate below three per cent in 147 districts in seven states.

"Family planning cannot be a political slogan but it is very much part of our mission so that the total fertility rate (TFR) can be brought below three per cent in the 147 districts," he said while interacting with media persons. He said family planning was part of the Parivaar Vikas Mission which can be achieved only with the consent of all stakeholders. "We have adopted a holistic approach and by 2030 we are keen that we are able to achieve stability," said Nadda.

Elaborating further, Nadda said the endeavour was to increase the choice of contraception but lately people had shown a preference towards using injectibles as part of family planning. He says family planning was something which cannot be run as a slogan but work has to be done at the ground level.

The government figures indicate that the national TFR of the country was 2.3 per cent in 2016. It is highest at 3.3 for Bihar, followed by 3.1 in Uttar Pradesh. Delhi has the lowest TFR at 1.6 followed by Himachal and Jammu and Kashmir with 1.6. The TFR was as high as 4.2 in Bihar in the year 2006, which has now declined.

Nadda said 1.5 lakh sub centres and primary health centres would be transformed into health and wellness centres to provide comprehensive primary healthcare services. This would provide health coverage up to to Rs 5 lakh per family per year 50 crore people. He said thrust was on mother-child care, immunization, eliminating diseases and ensuring affordable and quality healthcare.



### On Bilaspur AIIMS

- Nadda said he was very keen that the All-India Institute of Medical Sciences (AIIMS) proposed at Kothipura in Bilaspur comes up at the earliest. He said the work on constructing the boundary wall will begin next month and after approval of maps and building plans, the construction would begin by December.
- The classes at the Hamirpur Medical College would begin from this academic session as the letter would be issued within this week to Himachal Government to start the process for admissions.

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
शिमला/Shimla

समाचार पत्र का नाम/ Name of the Newspaper The Times of India

अवधि/ Periodicity: - Daily/Weekly/F.Nightly/Monthly दिनांक/Date 30-5-2018

प्रकाशन स्थान का नाम/ Place of Publication :- Shimla/Hamirpur/Dharamsala/Chandigarh/Jalandhar

# AIIMS construction starts in Dec: Nadda

TIMES NEWS NETWORK

**Shimla:** Union health minister J P Nadda said that construction of AIIMS at Bilaspur would start in December. This month, the construction of boundary wall would begin on the identified land, he added. The minister said that letter of intent for the Hamirpur Medical College would be issued as soon as he returned to Delhi and classes in this college would start from this session.

While interacting with mediapersons in Shimla on Tuesday, Nadda said that construction of AIIMS would be completed in four years. He also counted out "the achievements of Union government" in last four years. He said that the Centre was working on long term plan to curb the prices of petroleum products and prices were likely to come down in coming days.

He said that India was transforming like never before and various initiatives have been launched for all round development of the country. He said that policies of Prime Minister Narendra Modi-led government were aimed at reaching poorest of the poor and around 3152 crore bank accounts have been opened under Jan Dhan scheme.

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
शिमला/Shimla

आपका फैसला
30/5/18

समाचार पत्र का नाम/ Name of ...

अवधि/ Periodicity: - Daily/

प्रकाशन स्थान का नाम/ Place ...adhar

# बिलासपुर में एम्स का निर्माण अगले माह से

## दिव्यांगों को मिलेगा राष्ट्र स्तरीय पहचान पत्र : थावर चंद

सुंदरनगर, 29 मई (सोनी): केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रगतिशील नेतृत्व में केंद्र सरकार समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है। मंगलवार को सुंदरनगर के सी.आर.सी. में ओ.पी.डी. व छात्रावास के शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा कि अब सरकारी सेवाओं में शारीरिक रूप से दिव्यांग लोगों को 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा विशेष रूप से अक्षम लोगों के लिए राष्ट्रीय स्तर का एक पहचान पत्र बनाया जाएगा, जो पूरे देश में मान्य होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए अनेक योजनाएं आरंभ की गई हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए 5 राष्ट्रीय खेल केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है।

## पैट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में लगाम लगाने को बनेगी दीर्घकालीन योजना : नड्डा

शिमला, 29 मई (कुलदीप): केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि बिलासपुर के कोठीपुरा में एम्स की बाऊंडरी वाल का काम जून से शुरू हो जाएगा। इसका काम एन.बी.सी.सी. को दिया गया है। एम्स की ड्राइंग और डी.पी.आर. नवम्बर माह तक बनकर तैयार हो जाएगी जिसके बाद 48 माह के भीतर इसका कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महंगाई विशेषकर पैट्रोलियम पदार्थों और रसोई गैस की कीमतों पर लगाम लगाने के लिए दीर्घकालीन योजना बनेगी। इसके अलावा उपचार करवाने के लिए इम्पैनल निजी अस्पतालों में उपचार करवाने की फीस को भी केंद्र सरकार तय करेगी। केंद्रीय मंत्री यहां केंद्र सरकार की 4 साल की उपलब्धियों को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। पत्रकार वार्ता में केंद्रीय मंत्री थावर चंद गहलोत, शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज, कृषि मंत्री डा. रामलाल मार्कंडेय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, मुख्य प्रवक्ता रणधीर शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश दत्त सहित अन्य नेता मौजूद थे। जगत प्रकाश नड्डा ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार ने 48 माह में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों में डायलिसिस सुविधा मिलेगी, जिसे आगे चलकर सभी जिलों में शुरू किया जाएगा। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों में 3 हजार से अधिक स्टोरों पर जरूरी दवाइयां करीब 50 फीसदी कम दामों पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में 153 जिले हैं जिनमें वर्थकंट्रोल नहीं हो पा रही है इसे कम करने केलिए सरकार प्रयास करेगी।



शिमला: पत्रकार वार्ता को संबोधित करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा। ................. (नरेश)

### निपाह वायरस से कोई खतरा नहीं

जगत प्रकाश नड्डा ने प्रश्न के उत्तर में कहा कि निपाह वायरस से कोई खतरा नहीं है। पूरे देश में स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में है।

### 4 जून से शुरू होगी हैली टैक्सी सेवा

नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 4 जून से हैली टैक्सी सेवा शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले इसे कुछ क्षेत्रों में शुरू किया जाएगा तथा बाद में इसका दायरा बढ़ जाएगा।

### नड्डा से मिलने पीटरहॉफ पहुंचे जयराम

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मिलने होटल पीटरहॉफ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रायोजित योजनाओं विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं को लेकर चर्चा की।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
शिमला/Shimla

समाचार पत्र का नाम/ Name of the Newspaper दैनिक जागरण

अवधि/ Periodicity: - Daily/Weekly/F.Nightly/Monthly तिथि/Date 30/5/18

प्रकाशन स्थान का नाम/ Place of Publication :- Shimla/Hamirpur/Dharamsala/Chandigarh/Jalandhar



# कांग्रेस के 60 साल से अच्छे मोदी सरकार के 48 महीने

## बेहतर कार्यों के दम पर करेंगे 2019 में रिपीट, पेट्रोल व डीजल के दाम कम करने के लिए जल्द होगा ठोस निर्णय :नड्डा

**राज्य ब्यूरो, शिमला :** देश में कांग्रेस व अन्य सरकारों ने जो विकास कार्य 60 वर्ष सत्ता में रहने पर नहीं किए, वे कार्य मोदी सरकार ने 48 माह के कार्यकाल के दौरान रिकॉर्ड बनाकर साफ नीयत के साथ किए हैं। यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शिमला में पत्रकारों से कही। उन्होंने दावा किया है कि अपने बेहतर कार्यों के दम पर नरेंद्र मोदी सरकार वर्ष 2019 में रिपीट करेगी।

नड्डा ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि वहां भाजपा जीती है। कर्नाटक में जिस पार्टी को कभी 140 सीटें मिलती थीं, उसे अब 40 पर पहुंचा दिया है। पेट्रोल व डीजल के आसमान छूते दामों को नियंत्रित व कम करने के लिए जल्द ठोस निर्णय लिया जाएगा। भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2013 से 2017 के बीच 31 फीसद बढ़ा है। वहीं, 2018-19 में जीडीपी के 7.4 फीसद की दर से बढ़ने का अनुमान है। आयुष्मान भारत विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसमें देश के 50 करोड़ लोगों को हर वर्ष पांच लाख रुपये तक का कैशलेस हेल्थ कवरेज मिलेगा। मिशन इंद्रधनुष के तहत 12 टीके दो वर्ष तक के बच्चों को बिमारियों से बचाने के लिए लगाए जा रहे हैं इससे शिशु मृत्युदर में कमी आई है। वर्ष 2025 तक देश को टीबीमुक्त करने का लक्ष्य है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री थावर चंद गहलोत, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती व शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज मौजूद थे।




शिमला में मंगलवार पत्रकारों से बातचीत करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा। साथ हैं केंद्रीय मंत्री थावर चंद गहलोत व सतपाल सत्ती ● जागरण

### डॉक्टरों ने रियायत के स्टंट व उपकरण न लगाए तो कार्रवाई

सरकार द्वारा सस्ते दाम पर उपलब्ध करवाए जा रहे स्टंट और अन्य उपकरणों को डॉक्टरों द्वारा लगाए जाने से इनकार करने पर जेपी नड्डा ने संभावना जताई कि ऐसा होता होगा मगर सरकार के सामने ऐसे मामले लाएं। ऐसे करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जन औषधि की गुणवत्ता की जांचने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं।

### बिलासपुर में एम्स का सपना 2022 में होगा साकार

बिलासपुर में एम्स का सपना वर्ष 2022 में साकार होगा और उसका भवन तैयार कर लिया जाएगा। अगले महीने से चारदीवारी लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। कंपनी को इस कार्य को 48 माह के भीतर कार्य पूरा करना होगा। 1350 करोड़ रुपये से बिलासपुर में 750 बिस्तरों वाला मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में एमबीबीएस की 100 सीटों में प्रवेश के लिए बुधवार को पत्र जारी कर दिया जाएगा।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
शिमला/Shimla

समाचार पत्र का नाम/ Name of the Newspaper अमर उजाला
30/5/18

अवधि/ Periodi... ...h/Jalandhar

प्रकाशन स्थान

# रखरखाव में खामियों से गहराया प्रदेश में पेयजल संकट : नड्डा

## केंद्रीय मंत्री ने शिमला में गिनाईं मोदी सरकार की चार साल की उपलब्धियां

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

राजधानी शिमला और प्रदेश भर में पेयजल किल्लत का समाधान नहीं निकाल पाने पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गोल-मोल जवाब दिया। उन्होंने इसे मेंटेनेंस पार्ट की खामी बताया। हिमाचल समेत 17 राज्यों को खुले में शौचमुक्त घोषित करने की उपलब्धियां गिनाते नड्डा से पूछा गया कि शिमला में तो सार्वजनिक शौचालयों में ताले लटके हुए हैं और गांवों में बगैर पानी यही हालात हैं। इस पर नड्डा बोले कि 10-15 घटनाओं को लेकर सवाल उठाना सही नहीं है।

मंगलवार को एक ओर राजधानी शिमला समेत पूरे हिमाचल में पानी की कमी पर हाय-तौबा थी तो दूसरी तरफ नड्डा पीटरहॉफ शिमला में पत्रकारों को संबोधित कर मोदी सरकार की चार साल की उपलब्धियां गिना रहे थे। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन पर भी बात की। नड्डा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दो अक्तूबर 2014 में भारत में शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन में 7.25 करोड़ से भी अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। अब ये एक जनांदोलन का रूप ले चुका है। देश के 17 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश तथा 3.6 लाख गांव खुले में शौचमुक्त हो चुके हैं।

## एसी रेलगाड़ियों से ज्यादा हवाई जहाजों में यात्रा

शिमला। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि देश में ऐसा पहली बार हुआ है कि एसी रेलगाड़ियों से ज्यादा लोगों ने हवाई जहाजों में यात्रा की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिमला के जुब्बड़हट्टी से ही उड़ान योजना शुरू की थी और आज देश में आम आदमी भी हवाई यात्रा कर रहा है। वर्ष 2017 में पहली बार घरेलू यात्रियों की संख्या दस करोड़ से अधिक रही। स्वतंत्रता के बाद 75 हवाई अड्डों पर ही परिचालन होता था, लेकिन दिसंबर 2016 के बाद की इस छोटी सी अवधि में ही उड़ान कार्यक्रम के तहत 25 और हवाई अड्डों पर परिचालन शुरू हुआ है।



नड्डा ने मंगलवार को पीटरहॉफ शिमला में केंद्र सरकार के चार साल पूरा होने के अवसर पर पत्रकार वार्ता की। नड्डा ने इस मौके पर डिजिटल प्रस्तुति देकर स्लाइडें दिखाते हुए मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने 'साफ नीयत सही विकास' के नारे के साथ 'सबका साथ सबका विकास' का लक्ष्य पूरा करना है। इसी सरकार के कार्यकाल में इसरो ने एक साथ 104 सेटेलाइट को सफलतापूर्वक लांच कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। एफडीआई में 36.5 बिलियन डॉलर से 60 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज है। आयुष्मान भारत से 50 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का हेल्थ कवरेज मिलेगा। प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 1.26 करोड़ बालिकाओं के खाते खोले गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन में 17 राज्य खुले में शौचमुक्त घोषित कर 7.25 करोड़ रुपये से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। मुद्रा योजना के तहत 50 फीसदी कर्ज पिछड़े वर्गों को दिए गए हैं। नड्डा ने इस दौरान और भी कई योजनाओं को गिनाया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव थावर चंद गहलोत, स्थानीय विधायक एवं शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

**निपाह वायरस पूरी तरह से नियंत्रित :** नड्डा ने कहा है कि देश में निपाह वायरस का प्रकोप पूरी तरह से नियंत्रण में है। नड्डा ने यह जानकारी उनसे इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में दी।

**हेली टैक्सी स्कीम के लिए जयराम सरकार की तारीफ :** हेली टैक्सी योजना को चार जून से शुरू करने की योजना पर नड्डा ने जयराम सरकार की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जयराम सरकार प्रोएक्टिव होकर काम कर रही है। उन्होंने प्रदेश में पानी की समस्या से निपटने को खुद सीएम जयराम ठाकुर की ओर से संज्ञान लेने पर भी सरकार को सराहा।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
शिमला/Shimla

समाचार पत्र का नाम/ Name of the Newspaper: उत्तम हिन्दू

अवधि/ Periodicity: - Daily/Weekly/F.Nightly/Monthly  दिनांक/Date: 30/5/18

प्रकाशन स्थान का नाम/ Place of Publication :- Shimla/Hamirpur/Dharamsala/Chandigarh/Jalandhar

# बिलासपुर में जून में शुरू होगा एम्स का निर्माण कार्य : नड्डा

## कहा, पेट्रो पदार्थों की कीमतों पर लगाम लगाने के लिए बनेगी योजना

शिमला/ऊषा शर्मा

**प्रदेश** के जिला बिलासपुर में बनने वाले एम्स का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके बाऊंडरी वॉल का कार्य अगले माह शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महंगाई व पेट्रोलियम पदार्थों विशेषकर पेट्रोल व डीजल के दामों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र दीर्घकालीन योजना बना रही है। यह योजना कब तक तैयार होगी, इसको लेकर केंद्रीय मंत्री ने कुछ नहीं कहा। उल्लेखनीय है कि देश भर में इन दिनों पेट्रोल व डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। मंगलवार को शिमला में पत्रकार वार्ता में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने केंद्र सरकार की चार साल की उपलब्धियों को गिनाया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री थावर चंद गहलोत, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, कृषि मंत्री राम लाल मारकंडेय व अन्य नेता मौजूद थे। जेपी नड्डा ने कहा कि बिलासपुर में बनने वाले एम्स के निर्माण का कार्य एनबीसीसी को सौंपा गया। इसकी बाहरी दीवार का कार्य अगले माह शुरू हो जाएगा तथा नवम्बर तक इसकी ड्राइंग व डीपीआर बन कर तैयार हो जाएगी तथा इसके बाद 48 माह के अंदर इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। केंद्र सरकार की चार साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने 48 माह में विकास के समस्त क्षेत्रों में देश ने प्रगति की है। वर्ल्ड बैंक फिन्डेक्स रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2014-17 के दौरान पूरी दुनिया में खुले नए बैंक खातों में 55 फीसदी भारत में खोले गए हैं। 13.25 करोड़ लोगों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमा



शेष पेज 9

**बिलासपुर म ...**

करवाया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 5.22 करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचा है। वर्तमान सरकार ने 19 करोड़ से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ा है। 7.25 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया है। पूर्व की सरकारें जो 70 साल में नहीं कर पाई वह मोदी सरकार ने चार साल में कर दिखाया है। देश में सेनीटेशन कवर जो 2014 में 38.70 प्रतिशत थी अब बढ़कर 83.71 प्रतिशत तक पहुंच गई है। डायरैक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से पैसा सीधा लाभार्थी के खाते में जाता है, जिससे बिचौलियों का खत्मा किया गया है। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी वर्गों का खयाल रखा है। मातृत्व अवकाश की अवधि को 6 माह तक बढ़ाया गया है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि "आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा पहल है, जिससे करीब 50 करोड़ लोगों को

र से मुद्रित। सम्पादक : इरविन खन्ना", कार्यक

हिमाचल दस्तक - 30/5/18

# काम के बल पर जीतेंगे 2019 : नड्डा

## केंद्रीय मंत्री बोले- जो 70 साल में नहीं हुआ, 48 महीने में किया पीएम मोदी ने



*शिमला। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मोदी सरकार की चार साल की उपलब्धियों के संदर्भ में चर्चा करने के लिए विभिन्न मीडिया हाउसेज को चाय पर आमंत्रित किया। हिमाचल दस्तक के चेयरमैन केडी श्रीधर भी इस मौके पर मौजूद रहे। नड्डा ने विभिन्न क्षेत्रों खास तौर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए विकास के बारे में विस्तार से बताया।*

### वर्ष 2019 के चुनाव में मोदी सरकार करेगी रिपीट

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में भी मोदी सरकार फिर रिपीट करेगी। उन्होंने कहा कि देश को कांग्रेस मुक्त करने के लिए जनता से पूरा मन बना लिया है। शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत भी मौजूद रहे। इसके अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतपाल सत्ती, पूर्व विधायक रणधीर शर्मा सहित प्रदेश भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

केंद्र की मोदी सरकार के चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियां लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मंगलवार को शिमला पहुंचे। शिमला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने 48 महीने में वो कर दिखाया जो कांग्रेस ने 70 साल में नहीं किया।

### शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर हर सेक्टर में हुआ विकास

उन्होंने कहा कि चार साल पहले कई चुनौतियों के साथ बीजेपी सत्ता में आई। उसके बाद हर क्षेत्र, हर राज्य और हर वर्गों में विकास की रफ्तार बढ़ती गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित हर सेक्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से साफ नीयत के साथ सही विकास किए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, देश में 8 एम्स, मिशन इंद्र धनुष सहित कई ऐसी योजनाएं हैं, जिसे देश की आम जनता को समर्पित किया गया। आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बढ़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिससे देश के 50 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष पांच लाख तक का हेल्थ कवरेज मिलेगा। नड्डा ने कहा कि 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। नोटबंदी के बाद कालेधन का पर्दाफाश हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान, बागवान सहित बेरोजगार युवाओं को चार साल में हर संभव सहायता दी गई।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
शिमला/Shimla

समाचार पत्र का नाम/ Name of the Newspaper हिमाचल दस्तक

अवधि/ Periodicity:- Daily/Weekly/F.Nightly/Monthly दिनांक/Date 30/5/18

प्रकाशन स्थान का नाम/ Place of Publication :- Shimla/Hamirpur/Dharamsala/Chandigarh/Jalandhar

# वर्ष 2021 तक तैयार होगा बिलासपुर एम्स

- जेपी नड्डा का दावा, अगले माह शुरू होगा निर्माण कार्य
- जेनेरिक दवा न मिले तो करें शिकायत

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा के गृह जिला में स्थापित होने वाले एम्स के लिए अभी 3 साल और इंतजार करना पड़ेगा। यानी 2021 तक बिलासपुर के कोठीपुरा में एम्स तैयार होगा। जेपी नड्डा ने कहा कि शिलान्यास करने के दिन से 48 महीने में एम्स स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि अगले महीने से निर्माण कार्य शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एम्स का शिलान्यास कर दिया था। नड्डा ने कहा कि अधिकांश औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। बाकी छोटी-मोटी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर दी जाएंगी। नड्डा ने कहा कि देश के 22 राज्यों में जेनेरिक दवाएं उपलब्ध की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अस्पताल में जेनेरिक दवाएं न मिलने और डॉक्टरों द्वारा की जाने वाली मनमानी की शिकायत उन्हें कर सकते हैं। नड्डा ने कहा कि प्रदेश को जल्द ही दवा टेस्टिंग मशीन प्रदान की जाएगी। यह मशीन आईजीएमसी में स्थापित की जाएगी।

### निपाह वायरस पर पूरा कंट्रोल

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि निपाह वायरस पर पूरा कंट्रोल है। हालांकि कुछ मामले आए थे, लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय इस पर पूरी निगरानी बरत रहा है।

### आयुष्मान में निजी अस्पताल तय नहीं करेंगे रेट

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत केंद्र सरकार ने निजी अस्पतालों को भी इम्पेनल करेगी। लेकिन रेट निजी अस्पताल नहीं, बल्कि केंद्र सरकार तय करेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में ओपीडी से लेकर ऑपरेशन तक के रेट काफी ज्यादा हैं, जिस पर केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय का पूरा कंट्रोल रहेगा।

पत्र सूचना कार्यालय/Press Information Bureau
भारत सरकार/Government of India
शिमला/Shimla

समाचार पत्र का नाम/ Name of the Newspaper अजीत समाचार

अवधि/ Periodicity :- Daily/Weekly/F.Nightly/Monthly  दिनांक/Date 30/5/18

प्रकाशन स्थान का नाम/ Place of Publication :- Shimla/Hamirpur/Dharamsala/Chandigarh/Jalandhar

# एम्स का निर्माण कार्य अगले माह से होगा शुरू : नड्डा

## * पैट्रोलियम पदार्थों की कीमतों पर लगाम लगाने के लिए बनेगी दीर्घकालीन योजना * केंद्र सरकार की चार साल की उपलब्धियां गिनवाईं

शिमला, 29 मई (अ.स.) : प्रदेश के ज़िला बिलासपुर में बनने वाले एम्स का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके बाउंडरी वॉल का कार्य अगले माह शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महंगाई व पेट्रोलियम पदार्थों विशेषकर पेट्रोल व डीजल के दामों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र दीर्घकालीन योजना बना रही है। यह योजना कब तक तैयार होगी, इसको लेकर केंद्रीय मंत्री ने कुछ नहीं कहा।

मंगलवार को शिमला में पत्रकार वार्ता में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी



शिमला में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए। (छाया : धर्मेंद्र)

नड्डा ने केंद्र सरकार की चार साल की उपलब्धियों को गिनवाया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री थावर चंद गहलोत, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, कृषि मंत्री राम लाल मार्कंडेय व अन्य नेता मौजूद थे। जेपी नड्डा ने कहा कि बिलासपुर में बनने वाले एम्स के निर्माण का कार्य एनबीसीसी को सौंपा गया है। इसकी बाहरी दीवार का कार्य अगले माह शुरू हो जाएगा तथा नवम्बर तक इसकी ड्राईंग व डीपीआर बनकर तैयार हो जाएगी तथा इसके बाद 48 माह के

(शेष पृष्ठ 2 पर)

## एम्स का निर्माण कार्य अगले माह से होगा शुरू......

अंदर इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। केंद्र सरकार की चार साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने 48 माह में विकास के समस्त क्षेत्रों में देश ने प्रगति की है। उन्होंने कहा कि देश में 1971 से 2014 तक सवा करोड़ बैंक खाते खोले जा सके, जबकि वर्तमान सरकार ने 31.52 बैंक खाते खोले हैं। वर्ल्ड बैंक फिन्डेक्स रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2014-17 के दौरान पूरी दुनिया में खुले नए बैंक खातों में 55 फीसदी भारत में खोले गए हैं। 13.25 करोड़ लोगों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करवाया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 5.22 करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचा है।

585 कृषि मंडियों को जोड़कर राष्ट्रीय कृषि बाजार का निर्माण करवाया है। हर खेत को पानी प्रदान करने के लिए 5 सालों में 50 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। 87 लाख से अधिक किसान ई-नाम से जोड़े गए हैं। नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने सभी वर्गों का ख्याल रखा है। मातृत्व अवकाश की अवधि को 6 माह तक बढ़ाया गया है। रिलीफ मैन्युअल में बदलाव किया गया है तथा युवाओं को टैक्स रिलीफ प्रदान किया है। स्किल डिवेल्पमेंट के तहत 13 हजार ट्रेनिंग सैंटरों से एक करोड युवा जुड़े हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निपाह वायरस नियंत्रण में है।

**आयुष्मान भारत का बड़ा स्वास्थ्य कार्यक्रम :** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा पहल है, जिससे करीब 50 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष 5 लाख रूपए तक का हैल्थ कवरेज मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना में निजी अस्पतालों को भी शामिल किया जा रहा है तथा वहां पर ऑपरेशन या अन्य खर्च की फीस सरकार तय करेगी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों में 3 हज़ार से अधिक स्टोरों पर जरूरी दवाएं लगभग 50 प्रतिशत कम दामों पर प्रत्यारोपण की कीमतों में 50 से 70 प्रतिशत की कमी आई है।

**भारत का जीडीपी विश्व दर से बेहतर :** केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की जीडीपी की दर विश्व से बेहतर है।

भारत की जीडीपी विकास दर 31 प्रतिशत है, जबकि विश्व में यह दर मात्र 4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि विश्व जीडीपी में भारत की भागीदारी भी गत चार सालों में बढ़ी है।

**सरकार की उपलब्धियों को गिनवाने पत्रकार वार्ता में पौने घंटे देरी से पहुंचे मंत्री :** केंद्रीय मंत्री मंगलवार को शिमला में सरकार की उपलब्धियों को गिनवाने के लिए पत्रकार वार्ता में